आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 124 ● कटनी ● सोमवार, 6 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

धर्मेन्द्र की हालत गंभीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड हीमैन धर्मेन्द्र को मुंबई के ब्रीचकैंडी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

86 साल के एक्टर को पिछले महीने भी हॉस्पिटलाइज किया गया था। दरअसल एक्टर अपनी अपकमिंग फैमिली ड्रामा फिल्म अपने 2 की शूटिंग के दौरान मसल खिंचने के चलते उन्हें ब्रुष्ट में भर्ती कराया गया था।

एयरफोर्स के विमान से खजुराहो लाई जाएंगी मृतकों की पार्थिव देह

वीभत्स नजारा, पेड़ों पर लटके शव किसी का हाथ तो किसी का पैर गायब

देहरादून, भोपाल,एजेंसी ,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उत्तराखंड बस हादसे में पन्ना के दिवंगत भाई-बहनों के पार्थिव देह को एयरफोर्स के विमान से ससम्मान मध्य प्रदेश पहुंचाने के लिए आग्रह किया। उन्होंने मेरा अनुरोध स्वीकार किया। मैं उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में दुखद बस दुर्घटना में नहीं रहे पन्ना के हमारे भाई-बहनों के शवों का रात में ही पोस्टपार्टम कर दिया गया था। आज दोपहर 2 बजे तक उनके पार्थिव देह को प्रदेश में एयरफोर्स के विमानों के माध्यम से रवाना कर दिया जाएगा। मैं और पूरी टीम सतत संपर्क में है।सभी पार्थिव देह 10 बजे तक देहरादून पहुंच जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने ज्यादा टीम लगाकर जल्दी एंबालमिंग के निर्देश दिए हैं। शिवराज ने कहा कि हवाई जहाज दोपहर दो बजे तक जौलीग्रांट पहुंच जाएगा। उसके बाद सभी शवों को खजुराहो एयरपोर्ट पर उतारा जाएगा। खजुराहो में हमारी गाड़ियां पहले से मौजूद रहेंगी, जो तीर्थयात्रियों के पार्थिव देह को तुरंत उनके गांव ले जाएंगी। हमारी कोशिश है कि हम पूरे सम्मान के साथ मध्य प्रदेश उनको पहुंचा पाएं और आज ही उनका अंतिम संस्कार हो जाए। सीएम पुष्कर सिंह धामी और शिवराज सिंह चौहान घटनास्थल पर पहुंचेऔर यहां अधिकारियों से बातचीत कर हालात का जायजा लिया। हादसा इतना भयावह था कि बस के परखच्चे उड़ गए। यमुनोत्री हाईवे पर रिखाऊं खड्ड के पास हुई बस दुर्घटना के जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह रावत ने बताया कि जब वह घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां रोंगटे खड़े कर देने वाला मंजर था। हादसे के बाद बस के परखच्चे उड़े हुए थे। वहीं यात्रियों के शव पेड़ों से लटक रहे थे। किसी का हाथ गायब था तो किसी का पैर। आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेने वाले हाकम किसी तरह खाई में उतरे। उन्होंने तत्काल डीएम, एसपी और सीओ को घटना की जानकारी दी। विकासखंड मोरी के जखोल वार्ड नंबर 22 से जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह रावत ने बताया कि वह रविवार को देहरादून से उत्तरकाशी के लिए चले थे।

दुर्घटना स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह

शव लेकर पन्ना पहुंचेंगे बीडी शर्मा

क्षेत्रीय सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने दुख जताते हुए इस हृदय विदारक घटना पर पीड़ितों को हर सम्भव मदद के लिए उत्तराखंड शासन तथा मुख्यमंत्री से बात की है। श्री शर्मा ने कहा कि पन्ना क्षेत्र के तीर्थयात्रियों के साथ हादसे के बाद उत्तराखंड प्रशासन रेस्क्यू में जुटा है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह से बात की तथा लगातार संपर्क में है। श्री शर्मा ने कहा कि हम सभी लगातार पीड़ितों तथा प्रशासन के सम्पर्क में है। वे भी उत्तराखंड पहुंचे हैं । वे शव लेकर पन्ना आएंगे।

इंदौर में बाइक-पिकअप में भिड़त

भाई जिंदा जला, बहन और उसके दो बच्चों की भी मौत

इंदौर ,एजेंसी। इंदौर में खंडवा रोड भेरुघाट सेक्शन में प्याज से भरी पिकअप से टकराने के बाद बाइक में आग लग गई। बाइक चला रहे लोकेश निवासी ग्राम मेंडल जिंदा जल गए। बहन पूजा निवासी बागोदा सिमरोल, उसके 8 महीने के बेटे दीपक, 9 साल की बेटी कुमकुम की मौत हो गई। सभी मेंडल गांव आ रहे थे। पिकअप ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। सिमरोल पुलिस के मुताबिक घटना भेरुघाट उतार की है। चोरल रोड पर ओवरटेक कर आ रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार लोकेश (22) पुत्र बालू मकवाना निवासी ग्राम मेंडल, उसकी बहन पूजा (30) पति सालगराम निवासी सिमरोल की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि बाइक में आग गई और लोकेश वहीं जिंदा जल गया। उसे बचाने का मौका भी नहीं मिला।

कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता ऋषभ भदौरिया ने की पत्नी की गोली मारकर हत्या

ग्वालियर, एजेंसी । शहर के थाटीपुर में दर्पण कालोनी में रहने वाले कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता ऋषभ भदौरिया ने अपनी पत्नी भावना की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना रात करीब ढाई बजे की है। बताया जाता है कि पति पत्नी के बीच में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, इसी दौरान गुस्से में ऋषभ ने पत्नी पर फायर कर दिया। जब बच्चों मां का लहूलुहान शव देखा तो वह भी डरकर सहम गए। आरोपित अपनी पत्नी को गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया है। दर्पण कालोनी में ऋषभ भदौरिया अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ निवास करते हैं। उनके पास वाले घर में ही पिता कृष्णकांत एवं अन्य सदस्य रहते हैं। रात को ढाई बजे गोली चलने की आवाज सुनकर पिता एवं अन्य सदस्य भी घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद पिता ने ही पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। हालांकि कोई भी परिवार का सदस्य फिलहाल इस बारे में कुछ भी बता नहीं रहा है। पुलिस बच्चों एवं अन्य परिजनों से बात कर कारण पता लगाने का प्रयास कर रही है। हालांकि गोली सिर में लगी है, ऐसे में पुलिस का कयास है कि गोली नजदीक से ही मारी गई है। साथ ही पिस्टल से गोली मारे जाने की आशंका भी जताई जा रही है। दर्पण कालोनी थाटीपुर में कांग्रेस नेता ऋषभ भदौरिया का निवास हैं। यह प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पूर्व प्रवक्ता भी रह चुके हैं। दो अप्रैल को ग्वालियर चंबल में भड़की हिंसा के दौरान ऋषभ का नाम चर्चाओं में आया था। इस मामले में इनका नाम भी आया था। साथ ही पुराने आपराधिक प्रकरणों के चलते जिला दंडाधिकारी की तरफ से वर्ष 2020 में ऋषभ के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई का नोटिस भी जारी किया गया था। आज सुबह जब लोगों ने ऋषभ के घर से गोली चलने की आवाज सुनी तो सब हैरान रह गए, अंदर जाकर देखा तो भावना का लहूलुहान शव घर में पड़ा था।

जम्मू के भदरवाह में वासुकी नाग मंदिर पर हमला

जम्मू ,एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में उस समय हड़कंप मच गया जब प्राचीन वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़ की गई। घटना सामने आने के बाद हिंदू संगठन सड़क पर उतर आए। जमकर नारेबाजी की और मंदिर को निशाना बनाने वालों पर कार्रवाई की मांग की। वासुकी नाग मंदिर भदरवाह को भद्रकाशी के नाम से भी जाना जाता है। तोड़फोड़ रविवार देर रात या सोमवार तड़के की गई है। जम्मू में पिछले कई दिनों से हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। उसी कड़ी में अब वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। बताया जा रहा है कि सुबह पुजारी जब मंदिर पहुंचे तो वहां की स्थिति देखकर दंग रह गए। मंदिर में बाहर से लेकर अंदर तक तोड़फोड़ की गई थी। मंदिर के दरवाजे, खिड़कियां टूटे पड़े थे। मंदिर के अंदर मूर्ती के ऊपर भी पत्थर फेंके गए थे। पुजारी ने इलाके के लोगों और पुलिस को सूचना दी।

जमकर तोड़फोड़, गुस्साए लोगों का विरोध प्रदर्शन

आज ऑपरेशन ब्लू स्टार की 38वीं बरसी

अकाल तख्त पर लगे खालिस्तान जिंदाबाद के नारे

अमृतसर,एजेंसी। ऑपरेशन ब्लू स्टार की आज 38वीं बरसी है। अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान खालिस्तान जिंदाबाद के नारे गूंज रहे हैं। गर्म ख्यालियों के साथ-साथ खालिस्तान समर्थक भी पहुंचे हुए हैं। ऑपरेशन में मारे गए लोगों के परिवारजन भी आए हैं।हजारों की तादाद में संगत दरबार साहिब में माथा टेकने आ रही है।अकाल तख्त पर मौजूद खालिस्तानी समर्थक।थोड़ी देर में अखंड पाठ का भोग डाला जाएगा। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधिकारी और अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह कुछ लोगों को सम्मानित करेंगे। इसके बाद ज्ञानी हरप्रीत सिंह कौम के नाम संदेश भी जारी करेंगे। बीते सालों की तरह कोई घटना न हो, इसके लिए पुलिस ने गोल्डन टेंपल के अंदर और बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। कार्यक्रम में सरबत खालसा के जत्थेदार ध्यान सिंह मंड के भी पहुंचने का चर्चा है। बीते कुछ सालों में ज्ञानी हरप्रीत सिंह के संदेश के बाद ध्यान सिंह मंड भी संदेश देने की कोशिश करते हैं, जिसके बाद स्वक्ष्ट और सरबत खालसा समर्थकों के बीच झड़प हो जाती है।

गोल्डन टेंपल के रास्ते पर पुलिस बल तैनात

गोल्डन टेंपल तक आने-जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस और सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। कैंपस के अंदर स्वक्ष्ट की ओर से भी अपनी टास्क फोर्स तैनात की गई है। पंजाब पुलिस के महिला-पुरुष कर्मचारी सिविल कपड़ों में तैनात हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से पहले ही रोका जा सके।

कल शाम को निकाला था आजादी मार्च

पीएम मोदी ने जारी की सिक्कों की खास सीरीज

नई दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालयों के आइकोनिक वीक समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कॉरपोरेट मंत्रालय के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान भारतीय रुपये की गौरवशाली यात्रा को भी दिखाया गया। इसके साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के लिए समर्पित नए सिक्के लॉन्च हुए। इनमें 1 से 20 रुपये तक के सिक्कों की स्पेशल सीरीज भी जारी की गई है। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बीते वर्षों में वित्त मंत्रालय और कॉरपोरेट मंत्रालय ने अपने कार्यों के द्वारा, सही समय पर सही निर्णयों के द्वारा अपनी एक द्यद्गद्वड्ढ4 बनाई है, एक बेहतरीन सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि आप सभी इस विरासत का हिस्सा हैं। देश के आम जन के जीवन को आसान बनाना हो, या देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करना हो, बीते 75 वर्षों में अनेक साथियों ने इसमें बहुत योगदान दिया है।

पैगंबर पर टिप्पणी को लेकर भारत की दो टूक

नई दिल्ली । पैगंबर पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक को-ओपरेशन के बयान की भारत ने कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस मामले में ओआईसी के सचिवालय के बयानों पर दो टूक कहा कि उसका एजेंडा विभाजनकारी है। इस विवाद में कतर, कुवैत व ईरान के बाद पाकिस्तान और सऊदी अरब भी कूद गया है। भाजपा प्रवक्ता नुपूर शर्मा के पैगंबर को लेकर बयान के बाद हंगामा खड़ा हो गया है। अरब के कई देशों ने इस टिप्पणी पर आपत्ति प्रकट की और भारतीय राजदूतों को तलब कर नाराजगी प्रकट की। हालांकि, भाजपा ने सभी धर्मों के सम्मान की बात कहते हुए शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया है।

तमिलनाडु की गदिलाम नदी में डूबने से 7 लड़कियों की मौत

चैन्नई । तमिलनाडु के कुड्डालोर की गदिलाम नदी में डूबने से 7 लड़कियों की मौत हो गई। इनमें से 3 नाबालिग बताई जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि सभी नदी में नहाने के लिए गई थीं, लेकिन पानी गहरा होने की वजह से हादसा हो गया। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन के घर छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने सोमवार सुबह दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन के घर सहित 7 ठिकानों पर छापा मारा। सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज है और वे 9 जून तक श्वष्ठ की हिरासत में हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में जैन के घरों और कुछ अन्य जगहों पर छापेमारी की जा रही है। 57 साल के जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था। आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य पर मामला दर्ज किया। जैन ने कथित तौर पर दिल्ली में कई शेल कंपनियां बनाई या खरीदी थीं। उन्होंने कोलकाता के तीन हवाला ऑपरेटर्स से 54 शेल कंपनियों के जरिए 16.39 करोड़ का काला धन भी ट्रांसफर किया। क्यों गिरफ्तार हुए मंत्री जैन सत्येंद्र जैन को श्वष्ठ ने अगस्त 2017 में उनके खिलाफ सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (ष्टङ्घह्ल) द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के केस के तहत अरेस्ट किया है। पिछले महीने श्वष्ठ ने जैन परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी। 2018 में भी इस मामले में श्वष्ठ ने सत्येंद्र जैन से पूछताछ की थी। सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी की बड़ी वजह यह भी सामने आई है कि वो श्वष्ठ को जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे।

ED ने 7 ठिकानों पर रेड की, 9 जून तक हिरासत में हैं दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री

नाइजीरिया के चर्च में गोली बारी 50 की मौत

अबुजा (नाइजीरिया), एजेंसी। नाइजीरिया में रविवार को बड़ी वारदात हुई। यहां के ओवो शहर के सेंट फ्रांसिस कैथोलिक चर्च में कुछ बंदूकधारी घुस गए। चर्च में इस वक्त प्रार्थना चल रही थी। कुछ ही देर में उन्होंने लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में कम से कम 50 लोगों के मारे जाने की खबर हैं, वहीं कई घायल बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। ऐसे में मौतों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बंदूकधारियों ने पादरी और कई श्रद्धालुओं का अपहरण कर लिया है।

राजस्थान,उप्र केरल में स्वाइन फ्लू से मौत के बाद मचा हड़कंप

इंदौर में 3 और ओडिशा में भी 2 लोग HvNv से संक्रमित

नई दिल्ली,भोपाल,एजेंसी, यशभारत। कोरोना संक्रमण के बढ़ते केसों के बीच केरल, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में स्वाइन फ्लू से मरीजों की मौत से हड़कंप मचा गया है। वहीं, मध्य प्रदेश के इंदौर में 3 लोग और ओडिशा में भी 2 लोग ॥1ह्न1 से संक्रमित पाए गए हैं। देशभर के कई राज्यों में स्वाइन फ्लू के नए केस मिलने से दहशत है। मरीजों में कोरोना जैसे ही लक्षण निमोनिया, सांस लेने में समस्या और ऑक्सीजन की कमी देखने को मिल रही है, जो काफी खतरनाक संकेत है।

देश में आज फिर कोरोना के 4000 से ज्यादा नए मामले, 25 हजार के पार हुए एक्टिव केस

नई दिल्ली,भोपाल ,एजेंसी। देश में कोरोना के मामलों में फिर उछाल देखने को मिला है। कल यानि रविवार के मुकाबले सोमवार को कोरोना के मामले बढ़े हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना के 4,518 नए मामले सामने आए हैं। बता दें कि रविवार को देश में कोरोना के 4,270 केस दर्ज किए गए थे। मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना से 2,779 लोग डिस्चार्ज भी हुए हैं। वहीं, इस दौरान 9 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 25,782 हो गए हैं। कोरोना से अब तक 4 करोड़ 26 लाख 30 हजार 852 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, अब तक कुल 4 करोड़ 31 लाख 81 हजार 335 मामले सामने आ चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि कोरोना से अब तक कुल 5 लाख 24 हजार 701 लोगों की मौत भी हो चुकी है।

करण जौहर की बर्थडे पार्टी में आए 50 लोग हुए कोरोना संक्रमित, कई बॉलीवुड सितारे भी हैं शामिल

मुंबई । फिल्म निर्माता करण जौहर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए लोगों में से 50 से ज्यादा लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। ये पार्टी करण के जन्मदिन के अवसर पर रखी गई थी। करण जौहर पिछले महीने 50 साल के हुए है। मनोरंजन जगत के इस जश्न में शाहरुख खान, करीना कपूर खान, ऋतिक रोशन, आमिर खान जैसे बॉलीवुड के कई लोग शामिल हुए थे।रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की पूरी जानकारी अभी नहीं है। परंतु समझा जाता है कि कई सेलेब्स कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं।

अमेरिका के टेनेसी में हुई गोली बारी, 3 की मौत, 14 घायल

टेनेसी,एजेंसी। अमेरिका के टेनेसी में एक नाइट क्लब के बाहर रविवार को गोलीबारी हुई। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि कुछ घायलों को गोली लगी है और कई भागने के दौरान वाहनों की चपेट में आने से घायल हुए हैं।

स्वरोजगार की चेतना से ही होगा समृद्ध स्वावलंबी एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रथम वर्ष संघ शिक्षा वर्ग सामान्य व्यवसायी का हुआ समापन

कटनी। विगत 16 मई से प्रारंभ हुए संघ शिक्षा वर्ग का समापन एवं प्रकट कार्यक्रम रविवार 5 जून को सायं 5 बजे से स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल टोल नाका के पास के मैदान मैहर बाईपास कटनी में आयोजित हुआ। वर्ग कार्यवाह लालजी कोल द्वारा प्रस्तावना में बताया गया की महाकोशल प्रान्त के 34 जिलो के 102 स्थानों से 132 शिक्षार्थी प्रशिक्षण लेने हेतु वर्ग में आये थे जो 18 -40 वर्ष आयु के थे। शिक्षार्थियो को रोज प्रातः 4 बजे से रात्रि 10 बजे द्वीप निर्वाण तक विविध पाठ्यक्रमो का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे शारीरिक बौद्धिक एवं श्रम साधना के माध्यम से सेवा कार्य करने हेतु भाव जागरण किया गया। वर्ग में शिक्षार्थियों के रोज के भोजन हेतु रोटी बनाने कटनी जिले के नगर एवं ग्रामीण से मातृशक्ति एवं बहनो द्वारा सुबह शाम रोटी बनाकर शिक्षार्थियों को परोसी गयी, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रवीण गुप्त ने कहा की पिछले 2 वर्षो से कोरोना के कारण संघ के वर्ग नहीं लग पाए थे तब स्वयंसेवकों द्वारा संपूर्ण देश में समाज के बीच जाकर जैसी आवश्कता पड़ी वेसे सेवा कार्य किये गए। संघ का काम संपूर्ण समाज को जोड़ कर राष्ट्र कार्य हेतु प्रेरित करना है साथ ही जन सामान्य में स्व के भाव को निर्माण करते हुए भारत को शक्ति सम्पन्न बनाना है। क्यूंकि शक्ति की आराधना संपूर्ण विश्व करता है और निर्धन को कोई नहीं पूछता है। इसलिए भारत को समृद्धशाली एवं परम वैभवी बनाने हेतु आने वाले 20 सालो में स्व एवं स्वरोजगार का निर्माण कर भारत को स्वावलंबी बनाना है। भारत के प्रत्यक प्ररिवार को समृद्ध करने हेतु स्वरोजगार निर्माण करने की आवशकता है। वर्तमान में भारत स्वधीनता का अमृत महोत्सव मना रहा है साथ ही भारत के महापुरुषो जिनमे गुरु तेग बहादुर, सुभाष चन्द्र बोस, लोकमान्य तिलक, हेमुकलानी एवं संघ के पूर्व सरसंघचालक का भी शताब्दी वर्ष मन रहा है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन संघ के कटनी जिला कार्यवाहक अमित कनकने द्वारा किया गया।

बिजली बनेगी सिरदर्द

कटनी। चुनाव घोषित होते ही बिजली की समस्या पूरे जिले में घनघोर होती जा रही है लोग भी अब मान रहे हैं कि बिजली की यही समस्या बनी रही तो असन्न निकाय चुनावों में भाजपा का भारी नुकसान होगा। आपको बता दें कि बिजली का समस्या निरंतर गहराती जा रही है। घंटों फाल्ट के कारण बिजली बंद रहती है गांव में तो एक एक हफ्ते बिजली नहीं आती। बिजली संकट को ऐसा ही एक मामला कटनी जिले के रीठी तहसील मुख्यालय के एक गांव सेआया जहां बिजली रूठ गई है। वो भी एक-दो दिन नहीं बल्कि पूरे तीन माह से। बताया गया कि करीब तीन माह से भी अधिक समय से गांव में लगा एकलौता ट्रांसफर खराब हो जाने से रहवासियों को अंधेरे में रहकर रातें गुजारनी पड़ रहीं हैं। वहीं इस भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों के हाल-बेहाल हैं। वहीं विद्युत विभाग के जिम्मेदारों द्वारा जानकारी होने के बाद अनदेखी की जा रही है। जिससे ग्रामीण बेहद परेशान हैं। रविवार को एकत्रित हुए ग्रामीणों ने कहा कि यदि उनके गांव में एक-दो दिन के अंदर बिजली नहीं आई तो वह पंचायत चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रीठी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत उमरिया के ग्राम उमरिया खुर्द में मेन रोड पर लगा ट्रांसफर करीब तीन माह से भी अधिक समय से बिगड़ा पड़ा है। बताया गया कि ग्राम में विद्युत विभाग एक मात्र ट्रांसफर लगाया गया था, जो बिगड़ा पड़ा। जिसे बनाने की सुध तक विभाग द्वारा नहीं ली जा रही है। बीते तीन माह से गांव में बिजली न होने से रहवासी आदिम युग में जीवन यापन करने मजबूर हैं। ग्रामीणों का दिन तो जैसे-तैसे गुजर जाता है लेकिन अंधेरे में रात गुजारना किसी कठोर सजा से कम नहीं है। बावजूद इसके विद्युत विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे नाराज ग्रामीण रविवार को बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और कहा कि उनके द्वारा ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी बार-बार रीठी कनिष्ठ अभियंता को दी जा रही है, लेकिन अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रहवासियों का कहना है कि यदि एक-दो दिन के भीतर उनके गांव में बिजली नहीं तो वह होने वाले पंचायत चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। बीते तीन माह से खराब पड़े ट्रांसफर की जानकारी रीठी के विद्युत विभाग में पदस्थ जेईई व लाइनमैन को भी दी गई और लिखित आवेदन देकर भी ट्रांसफर बदलने या फिर सुधार कराने का निवेदन किया गया लेकिन मनमानी के वायरस से पीड़ित विद्युत विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जिससे उमरिया खुर्द गांव के रहवासी आज भी परेशान हैं।

नहीं चेते तो हालात होंगे बदतर

कटनी। बारिश के पानी को सहेजना होगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को सहेजने की शपथ तो इंटरनेट मीडिया के प्लेट फार्म और अन्य स्थानों पर दिखती हैं लेकिन जमीन पर कुछ भी प्रयास नजर नहीं आते। जिले में ताल तलैया सूख गए हैं। धरती प्यासी है। समय रहते यदि नागरिक और प्रशासन नहीं चेते तो हालात आने वाले समय में बद से बद्तर हो जाएंगे। इसके लिए बारिश के जल को सहेजने के इंतजाम करने होंगे। कटनी शहर के कौने में लोग पानी के त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। नगरनिगम की व्यवस्थाएं इस जलसंकट के सामने फीकी पड़ रही है। एक गुम्मे पानी के लिए नागरिकों को एक-एक किलोमीटर तक भटकना पड़ रहा है। जिला सहित शहर और गांवों में नदी तालाबों में पानी नहीं बचा। इससे मवेशी भी परेशान हैं। आज विश्वपर्यावरण दिवस पर हम सभी को वास्तविक शपथ लेनी होगी की हम जल सहेजने के इंतजाम करें। जिले में इस वर्ष अल्प वर्षा के कारण कटनी नदी व उसकी सहायक नदियों के साथ कटनी जनपद के कई छोटे बड़े तालाब पूरी तरह मैदान में तब्दील हो चुके है। कटनी नदी के मोहन घाट, मसुरहा घाट में इन दिनों निस्तार का पानी भी नदी में दिखाई नहीं देता है। यही हाल कटनी नदी की सहायक नदियों का है। माई नदी, रपटा नदी, बायपास स्थित जलगार नदी में पानी पूरी तरह सूख चुका है। सूखे की मार झेल रहें कटनी जिले में मार्च से जून माह तक भीषण जल संकट से जूझना पड़ रहा है। इसके बाद भी जिला प्रशासन की इस संकट से निपटने के लिए कोई कार्ययोजना नहीं दिख रही है। कटनी नदी की सहायक नदियों के साथ कटनी जनपद के ग्रामों में स्थित गांव के प्रमुख तालाब जिनमें कभी प्री-मानसून की पहली बारिश होने तक खेतों की सिंचाई व अन्य उपयोग के लिए पानी टिका रहता था। लेकिन इस वर्ष सूखे के कारण ग्रामीण अंचलों में स्थित गांव के तालाबों में भी पानी शेष नहीं बचा है। मढई, देवरा, पौड़ी, सरसरवाही, जुहला-जुहली, जिठवारा, कन्हवारा, गुगियाकॉप सहित अन्य ग्रामों में स्थित तालाबों में गांव के मवेशियों के पीने तक के लिए पानी शेष नहीं बचा है। जुहला-जुहली रोड स्थित तालाब जिसका पानी बारिश प्रारंभ होने के पूर्व तक ग्राम के मवेशियों को पानी उपलब्ध करा देता था। इस तालाब के इस अब सिर्फ मैदान ही शेष बचा है। बीते वर्षो में लबालब भरा रहने वाले इस तालाब के समतल होने पर गांव के बच्चे क्रिकेट खेलते नजर आते है। कटनी के बड़वारा से कांग्रेस विधायक विजयराघवेंद्र सिंह लापता, पत्नी दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस ने खोजा तो यहां मिले...किसान अमृतलाल तिवारी, सुखदेव विश्वकर्मा, किशोर पटेल सहित अन्य किसानों ने बताया कि किसान अपने खेतों में खेती करने बजाए पलायन को मजबूर है। जिन किसानों के पास खेती के लिए सिंचाई का पर्याप्त साधन है उन्होंने रबी फसलों की खेती है। लेकिन छोटे किसान जो नहर के पानी से सिंचाई पर निर्भर थे वे अपने खेत बंजर छोड़ कर दूसरे के खेतों में काम करने मजबूर है वही कई ग्रामीण जो वर्ष भर के लिए पट्टे पर भूमि व ठेके पर ले कर अनाज वर्ष के लिए एकत्रित कर लेते थे पलायन को मजबूर हो रहें है। नदी में मिल रहा नाले का पानी: शहरी क्षेत्र में प्रवाहित कटनी नदी की सहायक नदिया जिनमें माई नदी, रपटा नदी,बायपास रोड स्थित जलगार नदी में सर्वधिक दयनीय स्थिति है। माई नदी पूरी तरह सूख चुकी है जहां नाली का गंदा पानी नदी को पूरी तरह प्रदूषित कर रहा है। वही रपटा नदी में भी पानी नही है। बायपास जलगार नदी सूखने के बाद नदी से आसपास के लोग नदी की बजरी टेक्टर ट्राली से निकाल कर नदी में पानी होने पर उसके प्रवाह को परिवर्तित करने में लगे हुए है। प्रशासनिक अमले के नही पहुंचने से इस नदी में उत्खनन लगातार जारी है। कटनी नदी का पानी मवेशियों के पीने लायक तक सुरक्षित नहीं। यही स्थिति शहरी सीमा से लगे प्रमुख जलाशय सुर्खी पौड़ी का भी है जहां लगातार कम हो रहें पानी के कारण पूरा जलाशय मैदान की तरह नजर आता है। जलाशय के बीचों-बीच ही कुछ हिस्से पानी शेष बचा है। मार्च से जून माह तक जिले में अधिकाश: जलाशय पूरी तरह सूख चुके हैं। जिले के विकासखंडो में स्थित 85 तालाब जिनमें सुर्खी पौड़ी जलाशय, रीठी के पाली जलाशय, बड़वारा के खितौली जलाशय, बहोरीबंद सिलपुरी, पबरा रीठी, बहोरीबंद जलाशय सहित जिले के कुल 85 जलाशयों में से करीब 50 से अधिक जलाशय में जलस्तर शून्य पर पहुंच चुका है। सर्वाधिक खतरा विकास खंडों के बड़े जलाशय जिस पर आबादी के साथ इन जलाशयों से लगे वन परिक्षेत्र जहां वन्य प्राणी भी इन जलाशयों के पानी पर पूरी तरह से निर्भर है। उनके लिए भी पानी कम बचा है। अधिकाश ग्रामीण अंचलों में अभी से वन्य प्राणी जंगलों से पानी की तलाश में भटक कर आबादी क्षेत्र में पहुंचने पर जख्मी होने के साथ अपनी जान भी गंवा रहें है।

पौधा लगाना तब सार्थक जब हम उनकी देखभाल कर सकें

कटनी। पौधे लगाना बहुत अच्छा कार्य है हो सके तो हम सभी को लगाना चाहिए लेकिन हमारा पौधा लगाना तब सार्थक है जब हम उनकी देखभाल कर सकें और पौधा पेड़ बन जाए उक्त आशय के विचार रोशन नगर स्थित प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विद्यालय के बगीचे में 75 वी आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम के तहत शुरू किए गए कल्पतरु अभियान में कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीके विनोद भाई ने व्यक्त किए कल्पतरु अभियान के तहत ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा रोज 75 पौधे 75 दिन तक लगाकर 40000 पौधे लगाने का लक्ष्य लिया है कार्यक्रम का शुभारंभ शिव बाबा के तेल चित्र समक्ष पौधों को रख सभी भाई बहनों द्वारा योग शक्ति से पौधों को चार्ज कर बगीचे में 80 वर्षीय बुजुर्ग गौरा माता द्वारा पौधा रोपित कर किया गया रोशन नगर केंद्र संचालिका बीके सुमन बहन ने कहा कि एक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखरेख करें तभी यह अभियान सफल होगा और हरा-भरा पर्यावरण से ही हमारे जीवन और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा मंचासीन अतिथि रवि ग्रोवर रेखा ग्रोवर साक्षी गोपाल साहू समाज सेवी रेखा अंजू तिवारी बीके दुर्गा बहन रामदयाल गुप्ता दिलीप भाई दिनेश भाई न्यू एनकेजे रेल्वे अस्पताल से डॉ आर के सिंह डॉ एस के श्रीवास्तव डॉ आर वी मीना डॉ आर एस पंडित विभा कुमारीने भी पौधों को लगाकर उन्हें संरक्षण देने की बात कही शुभ प्रेरणादायक संदेशों के साथ फूल फल छायादार व अधिक प्राणवायु देने वाली पीपल तुलसी औषधि पौधों में गिलोय का रोपण किया गया कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर किया गया। इस अवसर पर गुणमाला बहन कुसुम दीदी अनीता बहन ज्योति बहन भारती बहन नेहा बहन बरखा बहन संध्या सीमा बहन किरण तुलसीराम सोनी का सहयोग रहा लक्ष्मी रजक द्वारा गीत इस गीत मे देशवासियों भारत मां की धरती वीरान न हो जाए चलो हम वृक्षारोपण को सफल बनाएं आओ हम सब मिलकर पेड लगा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

इंसानियत की सेवा से जुड़ा नर्सिंग का क्षेत्र

सांईनाथ स्कूल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने ली सेवा की शपथ

कटनी। बरगवां स्थित श्री हॉस्पिटल में सांईनाथ स्कूल कॉलेज ऑफनर्सिंग द्वारा 15वें लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, यहां नर्सिंग की छात्राओं ने लोरैंस नाइटिंगेल की फोटो के सामने छात्र.छात्राओं ने मंच पर आकर मोमबत्तियां जलाने के साथ सहानुभूति व मानवता की सेवा करने की शपथ ली। कार्यक्रम में मु य अतिथि सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज जबलपुर से डॉ संजय तोतडे, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या मालती लोधी, तिलक कॉलेज के प्राचार्य डॉ ए के खरे, डॉ रंजना जैन व डॉ वंदना गुप्ता, डॉ राजेन्द्र गुप्ता, डॉ अखिलेश जैन, डॉ शोभित प्यासी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया गया। संस्था के डायरेक्टर डॉ दीपक सक्सेना व डॉ शोभना सक्सेना द्वारा 15 वर्षो से विभिन्न प्रजातियों के पौधे भेंट कर स्वागत किया जाता रहा है। कार्यक्रम में बीएससी फाइनल के बैच आशिया एवं भावना ग्रुप द्वारा वेलकम नृत्य किया गया। पार परिक रूप से कैपिंग, लैंप लाईटिंग और शपथ ग्रहण के बाद सामूहिक प्रार्थना की गयी। चीफ गेस्ट डॉ यशवंत वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नर्स का कार्य सुनने में जितना सहज लगता है, वास्तव में यह उतना ही उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य है। नर्सिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जो सीधे इंसानियत की सेवा से जुड़ा है। पीड़ित मानवता की सेवा ईश्वर की सेवा है। संस्था के डायरेक्टर डॉ दीपक सक्सेना ने सेवा भावना को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होनें कहा कि जिस प्रकार कोरोना काल में नर्सिंग की छात्राओं ने सेवाएं दी हैं, वह बेहद प्रशंसनीय हैं, साथ ही कहा कि यह संस्थान जिले के श्रेष्ठतम संस्थानों में से एक है। कॉलेज का अनुशासन और यहां के शिक्षकों एवं छात्रों की प्रतिभा सराहनीय है। इस नर्सिंग कॉलेज ने एक अमिट छाप छोड़ी है, जिसे काफी सराहा जा रहा है। संस्थान की चेयरपर्सन डॉ शोभना सक्सेना ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जिस तरह नर्सों, चिकित्सों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की सेवा की वह मानवता का मिसाल है। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक युग में कई बच्चे भी माता.पिता की देखभाल से कतराते हैं। लेकिनए नर्सों द्वारा सभी मरीजों की देखभाल पूरे स्नेह व जि मेदारी के साथ करती हैं। नर्सिंग पेशे में प्यार, दया, सहानुभूति, धैर्य, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस नर्सिंग कॉलेज में अध्ययन करने वाले छात्रों को बिना इंतजार रोजगार प्राप्त होने का रिकॉर्ड बना है। अनेकों छात्राएं सरकारी संस्थानों में सेवारत हुए हैं जो कि गर्व का विषय है। यहां एक साथ एएनएमए जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, बीएससी पोस्ट बेसिक, एमएससी सायक्लोजिक, एमएससी क युनिटी ऑफनर्सिंग के कोर्स कराए जा रहे हैं, जो गौरव की बात है। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने अपने संबोधन में नर्सिंग छात्राओं को उनके शपथ के प्रति जागरूक करते हुए छात्र.छात्राओं को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विक्की एवं रूबी ग्रुप द्वारा भोजपुरी नृत्य, बीएससी प्रथम वर्ष की महिमा एवं ललिता ग्रुप द्वारा मनमोहक प्रस्तुि दी गई। बीएससी द्वितीय वर्ष की प्रतिभा एवं नेहा ग्रुप, बीएससी प्रथम वर्ष की फिजा एवं अंकिता ग्रुप, जीएनएम द्वितीय वर्ष की पूजा एवं अंजली ग्रुप, बीएससी प्रथम वर्ष की निर्जला एवं जानकी ग्रुप, एएनएम की वंदना ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ नृत्य, भरत नाट्यम, कत्थक नृत्य, घूमर नृत्य, कथकली नृत्य छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचाया व सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपक सक्सेना ने किया।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 03 से
सुबह 10.30, 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे

सम्राट पृथ्वीराज
कलाकार- अक्षय कुमार, संजय दत्त, मानुषी छिल्लर, सोनू सूद आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 03 से,
सुबह 9.15, 3 एवं रात्रि 9 बजे से

विक्रम
कलाकार- कमल हासन, विजय सेतुपति, फदाह फासिल, अर्जुनदास आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 03 से
दोपहर 12.15 एवं सायं 6.15 बजे से

मेजर
कलाकार- आदिवी शेष, सई मांजरेकर, प्रकाश राज, मुरली शर्मा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत

सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, सोमवार, 06 जून 2022

आज नामांकन का आखिरी दिन, कल से शुरू होगा घमासान

कल होगी नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी के बाद साफ होगी पंचायत चुनाव की तस्वीर

यश भारत
खबर विशेष

कटनी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आज आज आखिरी दिन है। आज सभी पदों के लिए उम्मीदवारों द्वारा अपने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफीसर के पास जमा किए जाएंगे, इसके बाद कल से प्रचार का सिलसिला शुरू हो जाएगा। कल 7 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और नामांकन पत्र वापसी के लिए 10 जून की तारीख निर्धारित की गई है। इसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा और इसके बाद पंचायत चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। तीन चरणों में होने जा रहे पंचायत चुनाव के महायज्ञ में जिले के 7 लाख 84 हजार 319 मतदाता अपनी भागीदारी निभाकर 5 हजार से ज्यादा पदों के लिए चुनाव लड़ रहे उमीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। पहले चरण की वोटिंग 25 जून को होगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में पंचायत चुनाव करीब साढ़े सात साल बाद होने जा रहे हैं, जिसको लेकर उम्मीदवारों में उत्साह नजर आ रहा है। पंचायतों का कार्यकाल 2020 में ही समाप्त हो गया था लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते पिछले दो सालों से पंचायत चुनाव अटके हुए थे। कभी ओबीसी आरक्षण तो कभी अन्य कारणों से पंचायत चुनाव नहीं हो पा रहे थे। चुनाव होने के बाद ढाई साल बाद पंचायतों को प्रतिनिधि मिलेंगे। पहले चरण की वोटिंग के लिए 25 जून को वोट डाले जाएंगे, लिहाजा पहले चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को प्रचार-प्रसार के लिए केवल 15 दिन का ही समय मिलेगा। ऐसे में कम समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचकर संपर्क करने की ओर प्रत्याशियों का पूरा जोर होगा। हालांकि चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों ने प्रचार प्रसार को लेकर पूरी तैयारी कर ली है।

जिले की आधा दर्जन जनपदों में मतदाताओं, ग्राम पंचायतों एवं मतदान केन्द्रों की जानकारी

जनपद पंचायत	ग्राम पंचायत	मतदान केन्द्र	पुरूष	महिला	अन्य	कुल	ग्राम पंचायत
कटनी	59	195	57249	55300	04	112553	59
बड़वारा	66	271	76782	73139	03	149924	66
बहोरीबंद	79	263	76752	75003	16	151771	79
ढीमरखेड़ा	73	245	69314	66240	01	135555	73
रीठी	56	169	48734	48023	04	96761	56
विजयराघवगढ़	74	253	71027	66726	02	137755	74
कुल योग	**407**	**1396**	**399858**	**384431**	**30**	**784319**	**407**

10 जून को होगा प्रतीक चिन्हों का आवंटन

पंचायत निर्वाचन के तहत पंच, सरपंच, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य पद की अभ्यार्थिता के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने का आज अंतिम दिन रहा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा मंगलवार 7 जून को की जायेगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा करने के बाद किसी भी वार्ड, ग्राम पंचायत के अभ्यार्थी के नाम निर्देशन पत्र खारिज हो जाने के कारण और एक अभ्यर्थी शेष रह जाये तो प्रकरण को संपूर्ण अभिलेख सहित सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। सुनवाई के लिए सक्षम अधिकारियों की नियुक्ति निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की गई है, इसके तहत ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच के लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत सदस्य के लिये कलेक्टर कटनी और जिला पंचायत सदस्य के अभ्यार्थियों के लिए संभागायुक्त जबलपुर सक्षम अधिकारी होंगे। संवीक्षा के अगले दिन प्रातः 11 बजे तक प्रकरण प्रस्तुत किये जा सकेंगे, जबकि अभ्यार्थियों के नाम वापस लेने के लिए अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जून को दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित है। अभ्यार्थियों से नाम वापसी के तत्काल बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों की सूची तैयार कर 10 जून को ही प्रतीकों का भी आवंटन कर दिया जायेगा।

जीवन के बुनियादी कौशल के लक्ष्यों को प्राप्त करने प्रशिक्षित हुए शिक्षक

मिशन अंकुर के तहत एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन

विजयराघवगढ़। जनपद शिक्षा केन्द्र विगढ़ के अन्तर्गत कक्षा पहली और दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों का तृतीय चरण का मिशन अंकुर एफएलएन प्रशिक्षण बी आरसीसी देवेन्द्र अहिरवार, बीएसी गोपाल शंकर दीक्षित, श्रीराम तिवारी, संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर नरोत्तम तिवारी, अतुल त्रिपाठी, डी सी पाल, सुखचैन सिंह द्वारा विकासखंड के शिक्षकों को कक्षा 1-2 पढ़ने वाले बच्चों के लिए मिशन अंकुर का लक्ष्य बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान एवं जीवन के बुनियादी कौशलों के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षार्थी अजय मिश्रा, विमलेन्दु पयासी, संतोष मिश्रा, रामगोपाल सिंह, रघुराई दास, लालबहादुर बहेली, सरोज पेन्डो, चेतलाल यादव, सी एल चौधरी, राजेश उपाध्याय, उमेश परिहार, मिथलेश दुबे, अखिलेश पटेरिया, के के दुबे, नारायण परौहा, संजय बर्मन, जितेन्द्र बड़गैंया, अंजनी गौतम, सुरेश सूर्यवंशी, अर्चना गौतम, अश्विनी तिवारी, रामलोचन पटेल, कृष्ण कुमार नामदेव, जयप्रकाश बड़गैंया, वंदना उरमलिया, दयाराम चौधरी, संतोष कुमार दुबे, अशोक सिंह, लमिया बरकड़े,रहमतुल निशा, फेबियालो एक्का, हरकेश भगत, ममता गुप्ता, शिवराज चक्रवर्ती सहित अन्य शिक्षक प्रशिक्षार्थी अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने उम्मीदवारों की लगी भीड़

विजयराघवगढ़। पंचायत चुनाव की घोषणा के उपरांत सरगर्मी बढ़ गई है, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंचों के चुनाव हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने स्थानीय विद्युत कार्यालय विजयराघवगढ़ में क्षेत्र के लोग पहुंच कर दावेदारी पेश करने से पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने बकाया विद्युत बिल जमा कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर रहे हैं। कार्यालय प्रभारी ने बताया की चुनाव लड़ने हेतु दावेदारी पेश करने वाले वाले अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए एकमुश्त राशि जमा कर बकाया राशि की वसूली बहुत आसानी से हो रही है।

पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

कटनी। विश्व पर्यावरण दिवस पर मुक्तिधाम स्थित दधिकांधों उद्यान में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समिति के सदस्य शामिल हुए। पर्यावरण दिवस पर समिति के सदस्यों ने वृक्षारोपण कर संकल्प लिया कि हम सभी इसी प्रकार से पर्यावरण को हरा भरा रखेंगे एवं दूसरों को इसके लिए जागरूक करेंगे तथा वृक्षारोपण करने उपरांत जो भी पौधे लगाए जाएं, उन्हें संरक्षित रखने का कार्य भी पूरी जवाबदारी से निभाएं। महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल ने बताया कि पिछले कुछ दशकों से पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है, जिससे इस पर रहने वाले जीव जंतु, जलवायु समेत सभी चीजें प्रदूषित हो रही है जिससे सबके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य है कि लोगों को इसके प्रति जागरूक करना, ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें ना की पेड़ों की कटाई इसके अलावा वन प्रबंधनए ग्रीन हाउस गैस को नियंत्रण करनाए पनबिजली संयंत्र का उपयोग या सोलर ऊर्जा के इस्तेमाल करने से ही हमारा वातावरण शुद्ध हो सकता है। समिति के सचिव अखिलेश पुरवार ने बताया कि जिस तरह से देश में विकास हो रहा है, कंस्ट्रक्शन किए जा रहे हैं उसके बदले कई पेड़ पौधे की कटाई बड़ी मात्रा में कर दी जा रही हैण् ऐसे में यह जीवनदायिनी पेड़.पौधे ही अगर नहीं रहेंगे तो हम या हमारी आने वाली पीढ़ी कैसे रहेगी। ऐसे में हमें एकजूट होकर इसे गंभीरता से लेना होगा। अजय सरावगी एवं कवि मनोहर मनोज ने जानकारी दी कि मुक्तिधाम में लगाये हर पेड़, पौधों की देखभाल विधिवत की जाती है एवं शहर के अन्य नागरिकों से भी वृक्षारोपण करने की अपील की है। कार्यक्रम में रौनक खंडेलवाल, श्रीमती मोनिका दुबे, मंजू शर्मा, नितिन साहू, मनीष साहू, राज सोनी, विक्रांत शर्मा, अरविंद दुबे, कृष्णा सोनी, राकेश कुमार सिंह, संतोष पांडेय, हर्ष यादव सुमित रैकवार, देवेन्द्र सोनी, पूरू अग्रवाल, सतीश सोनी, निखिल केसरवानी, सागर तोमर, गौरव नागवानी एवं बच्चो की टोली में पीहू दुबे, विराट खंडेलवाल, हनी, बिट्टू शामिल हुए।

कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी ने मुक्तिधाम में रोपे पौधे

वैश्य महासम्मेलन के युवा जिलाध्यक्ष बने रजत

कटनी। वैश्य महासम्मेलन मप्र के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के निर्देशानुसार, युवा इकाई प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी सुरेश सोनी, संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, युवा इकाई संभाग प्रभारी सचिन जैन की सहमति, जिलाध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया की अनुशंसा पर युवा इकाई कटनी जिलाध्यक्ष का दायित्व रजत जैन को प्रदान किया गया है। महासम्मेलन की सभी इकाइयों द्वारा नवीन अध्यक्ष की नियुक्ति पर बधाई प्रेषित की गई है।

पंचायत निर्वाचन के लिए मतपत्रों के रंग निर्धारित

कटनी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतपत्रों का रंग निर्धारित किया गया है। पंच पद के लिए सफेद, सरपंच पद के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र होगा।

स्कूली बच्चों में बुनियादी शिक्षा एवं संख्यात्मक ज्ञान बढ़ाने की कवायद

आधारभूत बुनियादी साक्षरता विकसित करने शिक्षकों को मिली ट्रेनिंग

उमरियापान। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार ने निपुण भारत अभियान की शुरुआत की। मप्र शासन ने इस योजना को मिशन अंकुर नाम देकर सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया। इसी तारतम्य में प्राइमरी शिक्षकों को 5 दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण जिला शिक्षा केन्द्र एवं जनपद शिक्षा केन्द्र ढीमरखेड़ा के मार्गदर्शन में 18 मई से 3 जून तक कक्षा पहली एवं दूसरी में पढ़ाने वाले 259 प्राइमरी शिक्षको को मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा में 3 चरणों मे जिला प्रशिक्षकों सूर्यकांत त्रिपाठी, रमेश कुमार उसरेठे, कमोद प्रसाद चौधरी एवं शरद कुमार चौरसिया द्वारा फाउंडेशनल लिट्रेसी एवं न्यूमरेसी पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण में आधारभूत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। एफएलएन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों में आधारभूत बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने के लिए इस बार कक्षा पहली एवं दूसरी में बच्चों के अध्यापन हेतु साल भर की नई संयुक्त पाठ योजना तैयार की गई है, जिसे 32 सप्ताहों में बांटा गया है। कोरोना काल मे विद्यालय बंद होने के कारण बच्चो के अध्यापन कार्य मे हुए नुकसान को बहु कक्षा शिक्षण की व्यवस्था कर अंतर को प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। 22 जून से शुरु होने वाले सत्र से नई नई गतिविधियों एवं कौशलों के साथ बच्चों को शिक्षण कार्य करा सकें। प्रशिक्षण में डाइट प्राचार्य बी बी दुबे, डाइट व्याख्याता एन पी श्रीवास्तव, राजेन्द्र असाटी, बीईओ एस एस मरावी, बी आर सी विजय चतुर्वेदी आदि शिक्षाविदों ने मॉनीटरिंग कर अपने अनुभवों एवं मिशन अंकुर के तय लक्ष्यों को शिक्षकों के बीच रखा। प्रशिक्षण के संचालन के लिए बीएसी हेमंत सामल, सतेंद्र गौतम, रामनाथ पटेल, जनशिक्षक अजय पांडेय, बाबूराम मांझी, आशीष चोरसिया, सुशील पटेल एवं अवसर पटेल का सराहनीय सहयोग रहा।

बिजली बिल बकाया नहीं होने का देना होगा प्रमाण पत्र

कटनी। तीन चरणों में होने जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य, सरंपच और पंच पद के अभ्यार्थियों को नाम निर्देशन पत्र के साथ बिजली बिल बकाया नहीं होने और जिला जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत में बकाया नहीं होने के संबंध में अदेय प्रमाण पत्र देना होगा। अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करने संबंधित कार्यालयों में उम्मीदवारों का तांता लगा हुआ है। आरक्षित वर्ग का सदस्य होने की दशा में राज्य शासन के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र भी देना होगा। यह जानकारी संवीक्षा की तिथि एवं समय के पूर्व देना होगा। अभ्यार्थियों को आपराधिक रिकार्ड, आपत्तियों दायित्वों और शैक्षणिक योग्यता के संबंध में भी शपथ पत्र व घोषणा पत्र देना होगा। जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और सरपंचए पंच पद के अभ्यार्थियों का शपथ पत्र में स्वयं, पति या पत्नी एवं आश्रितों की संपत्ति का विवरण सार्वजनिक एवं वित्तीय संस्थाओं और सरकार के प्रति देनदारियों का भी ब्यौरा देना होगा। अभ्यार्थियों को शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं होने एवं शौचालय के संबंध में भी शपथ पत्र देना होगा।

चुनाव प्रचार के लिए आम सभा, रैली, जुलूस एवं वाहन की स्वीकृति के लिए अनुविभागीय अधिकारी अधिकृत

कटनी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निर्वाचन के लिये आदर्श आचरण संहिता लागू की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने के दौरान विभिन्न चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये आम सभा, रैलीए जुलूस एवं वाहन की स्वीकृति प्रदान करने के लिये संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस विभाग से अभिमत प्राप्त करने के उपरांत ही समय सीमा में प्रदान करने के लिये अधिकृत किये गये हैं। इसके साथ ही विभिन्न चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा हैलीकॉप्टर के उतारने व प्रस्थान करने के लिये प्राप्त आवेदन व जानकारी के संबंध में स्थल निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग से आक्षांश एवं देशांस की जानकारी प्राप्त कर अभिमत सहित अनुमति प्रदान करने प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया है।

जिले में अन्न उत्सव का आयोजन कल

कटनी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अन्न उत्सव का आयोजन 7 जून को किया जाना है। जिसमें सम्मिलित पात्र परिवारों को रियायती दर पर नियमित एवं पीएमजीकेएवाई की निशुल्क खाद्यान्न सामग्री वितरण शासकीय कर्मचारी व सतर्कता समिति शासकीय सदस्यों की उपस्थिति में किया जाएगा। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अन्न उत्सव का आयोजन करने और पूर्व में नियुक्त नोडल अधिकारियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों में सामग्री का वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश प्रदान किए हैं।

वृक्षों की अवैध कटाई रोकने उठाए जाएंगे कदम

विजयराघवगढ़। वन परिक्षेत्र विजयराघवगढ़ के अंतर्गत आने वाले कैमोर, विजयराघवगढ़, सिंनगौड़ी, कांटी क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों समिति के अध्यक्ष सदस्यों एवं नागरिकों की उपस्थिति में वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ के तहत क्षेत्र में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों कार्यालयों मे वृक्षारोपण कर क्षेत्र को हरा.भरा बनाने वन परीक्षेत्र अधिकारी राघवेंद्र सिंह चौहान द्वारा संदेश देते हुए जानकारी प्रदान की गई कि शासन की मंशा के अनुसार वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ के तहत समूचे क्षेत्र को हराभरा बनाने का संकल्प लिया गया है। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वनों से वृक्षों की अवैध कटाई करने वालों पर सख्त नजर रखते हुए विभाग का सहयोग किया जाए, श्री चौहान ने बताया कि यदि किसी के पास विद्युत पेट्रोल डीजल से चलाए जाने वाले उपकरण है तो 7 दिवस के अंदर कार्यालय में लिखित जानकारी प्रदान करें, वहीं यदि बिना किसी सूचना के वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कोई व्यक्ति अवैधानिक रूप से पाया गया तो शासन के निर्देश में सख्त कार्यवाही के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है।

पर्यावरण दिवस पर पोस्टर लगाकर लोगों को किया जागरूक

विजयराघवगढ़। नेहरू युवा केन्द्र कटनी के तत्वावधान एवं जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम झिरिया के पराक्रम युवा मण्डल के युवाओं द्वारा पोस्टर बनाकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण से मानव को क्या लाभ होते है, पेड़ लगाओ पर्यावरण से लाभ कमाओ, पेड़ो से हरियाली पाओ उपस्थित ग्रामीण जनो को जागरूक किया। इस अवसर पर महक बड़गैया सहित ग्राम के युवाओं का विशेष सहयोग रहा।

श्रीमती विद्या देवी सचदेवा का निधन

कटनी। प्रतिष्ठित व्यवसायी गोविंद सचदेवा की भाभी एवं मोहन सचदेवा की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या देवी सचदेवा आज सोमवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नई बस्ती क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गईं। उनकी अंतिम यात्रा आज शाम 5 बजे निज निवास डॉक्टर माली गली, पुराने राधास्वामी डेरा के पास नई बस्ती से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वीं (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वीं
3	पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

From 02nd June 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Millal MALL
Tuesday Offer 99/99/200
Paytm
bookmyshow
MALL
10:00 AM 12:30 PM 1:00 PM 3:00 PM 4:00 PM 6:00 PM 9:00 PM
10:15 AM 1:15 PM 6:45 PM 9:30 PM
10:30 AM 3:45 PM 9:15 PM
6:30 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830



30 जून तक आवागमन के लिए फिर तैयार हो जायेगा लमतरा ओव्हरब्रिज

कटनी। पिछले 10 महीने से भी अधिक समय से बंद पड़े लमतरा ओव्हर ब्रिज पर अगले महीने से आवागमन एक बार फिर शुरू होने के आसार हैं। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन एवं जिला प्रशासन की फटकार के बाद ठेका कम्पनी द्वारा ओव्हर ब्रिज की मरम्मत का काम तेज कर दिया है। सुधार कार्य की गति यही रही तो 30 जून के पहले कार्य पूर्ण हो जाएगा और इस पर आवागमन एक बार फिर बहाल हो जाएगा हालांकि सुधार कार्य के बाद ओव्हर ब्रिज कितना चल पायेगा यह कहना कठिन है।

जिला प्रशासन की फटकार के बाद सुधार कार्य में आई तेजी

उल्लेखनीय है कि कटनी-शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग और कटनी- विजयराघवगढ़- कैमोर मार्ग के संगम स्थल लमतरा रेल फाटक पर आवागमन की सुविधा के लिए लगभग 8 करोड़ की लागत से यह ओव्हर ब्रिज 2020 में बनकर तैयार हुआ था। बिना किसी उदघाटन या लोकार्पण के फरवरी 2020 में इस ओव्हर ब्रिज से वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया था। बनने के बाद यह ओव्हर ब्रिज पहली बारिश भी नहीं झेल पाया। अगस्त महीने में ही ओव्हर ब्रिज की सपोर्टिंग वाल में दरार आ गई और उसका एक हिस्सा दरक गया। पुल के क्षतिग्रस्त होने की खबर मिलते ही जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर ब्रिज के हाल देखे। कोई दुर्घटना न घटित हो इसे देखते हुए ब्रिज पर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। कई दिन तक ब्रिज पर केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान तैनात रहे। लगभग सात-आठ महीने तक ब्रिज की मरम्मत का काम चलता रहा। सुधार कार्य पूरा हो जाने के बाद ब्रिज पर दुबारा आवागमन चालू हो गया। सुधार कार्य के बाद कुछ महीने तक सबकुछ ठीक-ठाक चलता रहा।

छोटे-बड़े सभी वाहन ब्रिज से आते जाते रहे। जुलाई 2021 में दूसरी बार ब्रिज फिर क्षतिग्रस्त हो गया। इस बार दूसरी तरफकी सपोर्टिंग वाल में एक बड़ी दरार आ गई। ब्रिज के दुबारा क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर फिर प्रशासन और विभाग के अधिकारियों सहित विधायक संदीप जायसवाल भी मौके पर पहुंचे। सभी ने सुधार कार्य सहित निर्माण कार्य पर सवाल उठाए। ठेका कंपनी से लेकर मॉनिटरिंग करने वाली एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई किये जाने की बात कही गई। ब्रिज पर आवागमन फिर रोक दिया गया।

दूसरी बार ओव्हर ब्रिज क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद इसके मूल निर्माण कार्य के तरीके में कई खामियां बताई गई। कहा गया कि निर्माण कार्य मे गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया। मॉनिटरिंग करने वाली एजेंसी सहित ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों ने अपने कर्त्तव्यों के पालन में घोर लापरवाही बरती।

ब्रिज पर बारिश के पानी की निकाशी के सही इंतज़ाम नहीं किये गए। यहां तक कि ब्रिज की ड्राइंग डिज़ाइन में भी खोट निकाली गई। मामला विधानसभा तक पहुंचा। ठेकेदार और दोषी अधिकारियों पर एफआई आर दर्ज किए जाने की मांग खुद जनप्रतिनिधियों की तरफ से उठाई गई पर ऐसा कुछ हुआ नहीं। चार-पांच महीने तक क्षतिग्रस्त ब्रिज की मरम्मत का कार्य भी शुरू नहीं हो पाया। कभी नये सिरे से दुबारा ब्रिज निर्माण किये जाने की चर्चा शुरू हो जाती थी तो कभी जयपुर में ड्राइंग डिज़ायन अटके होने का बहाना बनाया जाता रहा। अंततः वही हुआ जो ठेकेदार ने चाहा। ब्रिज की मरम्मत कर दरार भरे जाने का कार्य शुरू हुआ जिसकी गति बेहद धीमी रही। लग रहा था जितना समय ब्रिज के निर्माण में लगा है उससे ज्यादा समय मरम्मत कार्य में लग जायेगा।

एडीएम ने एमपीआरडीसी को लिखा था पत्र

ओव्हर ब्रिज के सुधार कार्य की धीमी गति और लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए दो महीने पहले पुलिस अधीक्षक की ओर से एक प्रतिवेदन कलेक्टर को दिया गया था जिसमें वैकल्पिक मार्ग में आवश्यक सुधार कार्य कराए जाने सहित क्षतिग्रस्त लमतरा ओव्हर ब्रिज का कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण कराने की बात कही गई थी। कार्य पूर्ण नहीं हो पाने की स्थिति में आवागमन में होने वाली दिक्कतों से भी जिला प्रशासन को अवगत कराया गया था। एस पी के इस प्रतिवेदन के बाद प्रशासन की ओर से एडीएम द्वारा एमपीआरडीसी के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर बारिश शुरू होने से पहले ब्रिज की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराने कहा गया था। इस पत्र के महीने भर बाद भी जब मरम्मत कार्य में तेजी नहीं आई तो कलेक्टर द्वारा ठेका कम्पनी को कड़ी फटकार लगाई गई। इस फटकार के बाद ही मरम्मत कार्य में तेजी आई है। उम्मीद है कि कार्य अब इसी गति से चलता रहेगा और 30 जून से पहले कार्य पूरा हो जाएगा। उम्मीद की जा रही कि अगले महीने से ब्रिज फिर आवागमन के लिए उपलभ्ध हो जाएगा। अब दूसरी बार की मरम्मत के बाद ब्रिज कितने दिन सही सलामत रहेगा यह नही कहा जा सकता। जिस स्तर पर सुधार कार्य गया है उसे लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

वैकल्पिक मार्ग का भी नहीं कराया कोई सुधार

ओव्हर ब्रिज दुबारा क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद इस पर आवागमन तो तत्काल रोक दिया गया था पर वैकल्पिक मार्ग के बारे में तीन . चार दिन तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। पहले दिन कैमोर, विजयराघवगढ़, बरही, उमरिया, बांधवगढ़, शहडोल की ओर से कटनी की ओर आने वाले और जबलपुर, मैहर की ओर से आकर शहडोल उमरिया की ओर जाने वाले सभी छोटे बड़े वाहनों ने पटवारा रेल फाटक वाला मार्ग पकड़ा। बारिश का मौसम होने तथा मार्ग सकरा होने के कारण इस मार्ग पर पहले दिन ही भीषण जाम लग गया। बाद में वाहन जुहला से खिरहनी ओव्हर ब्रिज होते हुए शहर में प्रवेश करने लगे। खिरहनी ब्रिज से लेकर घन्टाघर और आगे चांडक चौक तक कई बार जाम की स्थिति बनने लगी। चार -पांच दिन बाद जिला प्रशासन ने लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया से होकर रेल अंडर पास वाले मार्ग को वैकल्पिक मार्ग घोषित कर दिया। इस मार्ग का बहुत सा हिस्सा कच्चा था। अंडर पास के दोनों ओर मार्ग संकरा था। वाहनों के आने-जाने से यहां धूल के गुबार उड़ते थे। यात्री बस या किसी वाहन में कोई खराबी आ जाये तो मार्ग अवरुद्ध हो जाता था। वाहन कई कई घन्टे जाम में फंसे रहते थे। मार्ग के कच्चे हिस्से का डामरीकरण हो जाता तो थोड़ा सुविधा हो जाती पर ऐसा कुछ नहीं किया गया। पूरे 10 महीने हजारों यात्री असुविधा और परेशानी वाले इस मार्ग पर यात्रा करने मजबूर रहे।

प्रत्याशियों के चयन के लिए प्रभारी करण सिंह 7 को पहुंचेंगे गोटेगांव

सह प्रभारी खुर्शीद अंसारी के साथ लेंगे कांग्रेस की बैठक

कटनी। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा मध्यप्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव हेतु नगर पालिका परिषद गोटेगांव नरसिंहपुर का प्रभारी कटनी के पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान एवं सह प्रभारी मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव श्रीमती खुर्शीद अंसारी जबलपुर को नियुक्त किया गया था। प्रभारी श्री चौहान एवं सह प्रभारी श्रीमती खुर्शीद अंसारी 7 जून को गोटेगांव पहुंचकर कांग्रेसजनों से संपर्क करेंगे एवं उनसे संवाद स्थापित कर गोटेगांव नगर पालिका चुनाव के लिए योग्य प्रत्याशियों का चयन करेंगे।

परिषद चुनाव समिति के सदस्यों की व नगर कांग्रेस गोटेगांव के साथ बैठक कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार पार्षद पद के प्रत्याशियों का चयन किया जायेगा। प्रभारी करण सिंह चौहान गोटेगांव नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं से सम्पर्क कर आरक्षण अनुसार योग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु प्रत्येक कार्यकर्ता से मुलाकात करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार स्थानीय कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान एवं उनकी निष्ठा को दृष्टिगत रखते हुये उनकी भूमिका सुनिश्चित करते हुए ही कांग्रेस प्रत्याशियों का चयन किया जाना है। ज्ञात है कि गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश विधानसभा पूर्व अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र है जहां से वे लगातार विधायक है साथ ही गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र की नगर पालिका परिषद केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल एवं विधायक जालम सिंह पटेल का पैतृक नगर होने से राजनीतिक दृष्टिकोण से कांग्रेस एवं भाजपा के लिए अति महत्वपूर्ण नगर पालिका परिषद है। पिछले चुनाव में सीधे जनता के मतदान से गोटेगांव नगर पालिक से कांग्रेस की श्रीमती मालती मुकेश बिलवार प्रचंड बहुमत से नगरपालिका अध्यक्ष रही है जिनका गत वर्ष बीमारी से निधन हो गया था। इस बार नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों के माध्यम से कराया जाना है। इसलिए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का चयन पार्षद चुनावों के बाद किया जाएगा।

आवेदन देने के साढ़े तीन साल बाद भी नहीं हुआ सीमांकन

विजयराघवगढ़। एक ओर तो प्रदेश सरकार किसानों की भूमि संबंधी सभी दस्तावेज उनके घर तक पहुंचा कर देने का दावा कर रही। ड्रोन के जरिये आधुनिक तरीके से जमीनों का सर्वे कराया जा रहा। लोक सेवा केन्दों में आवेदन के बाद हर कार्य की अवधि निर्धारित है। निर्धारित अवधि में आवेदन का निराकरण नहीं होने पर सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही का भी प्रावधान है बावजूद इसके किसानों को अपनी भूमि के सीमांकन और बटांकन जैसे कार्यों के लिए सालों आर आई और पटवारियों के चक्कर काटने पड़ रहे। उच्चाधिकारियों यहां तक कि मुख्यमंत्री कार्यालय तक शिकायत किये जाने के बाद भी काम नहीं हो पा रहे। उल्टे शिकायत करने पर आर आई और पटवारी किसानों को धमकाने तक कि जुर्रत कर रहे। विजयराघवगढ़ के किसान नेता और भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनारायण सोनी उर्फ गुड्डा भैया की माने तो उनके साथ कुछ ऐसा ही हो रहा। आर आई और पटवारी की मनमानी के शिकार रामनारायण सोनो ने पिछले महीने फिर इस संबंध में कलेक्टर को एक शिकायत सौंपी है जिसके अनुसार उन्होंने विजयराघवगढ़ के खसरा नंबर 794/2 एवम 797/2 स्थित अपनी भूमि के सीमांकन के लिए लोक सेवा केंद्र विजयराघवगढ़ में दिसम्बर 2019 में आवेदन देकर निर्धारित शुल्क भी जमा किया था। अवेदन देने के कई महीने बाद तक उनके आवेदन पर कार्यवाही नहीं हुई। तत्कालीन राजस्व निरीक्षक कमल बर्मन, पटवारी विष्णुदत्त दीवान और नायब तहसीलदार महेंद्र पटेल कोरोना महामारी का बहाना करके उन्हें टरकाते रहे।जनवरी 2022 में उन्होंने एसडीएम को आवेदन दिया फिर भी कम नहीं हुआ तो 8 फरवरी को कलेक्टर की जनसुनवाई में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। कलेक्टर ने सम्बंधित राजस्व कर्मचारियों को सीमांकन के लिए निर्देशित करते हुए निर्देशों का पालन नहीं होने पर वेतन वर्द्धि रोके जाने की कार्यवाही की चेतावनी भी दी पर कलेक्टर की इस चेतावनी का भी राजस्व कर्मचारियो पर कोई असर नहीं हुआ। थक हार कर फरियादी गुड्डा सोनी द्वारा 30 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में इसकी शिकायत कर दी। हेल्पलाइन से जवाब तलब होने पर राजस्व कर्मचारियों द्वारा आवेदन का उचित निराकरण किये जाने की झूठी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित कर दी गई। इस बीच तहसीलदार, आरआई और पटवारी तीनो का तबादला हो गया। गुड्डा सोनी की शिकायत के अनुसार उन्होंने फरवरी 2022 में दस्तावेजों सहित पुनः तहसीलदार के समक्ष सीमांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। सीमांकन नहीं होने पर कमिश्नर जबलपुर और राजस्व सचिव भोपाल को राजिटर्ड पत्र भेजकर आवेदन का निराकरण कराये जाने का आग्रह किया। कलेक्टर और कमिश्नर से शिकायत के बाद आर आई और पटवारी तो हटा दिए गए पर उनकी जगह जो कर्मचारी आये उन्होंने भी उनके आवेदन पर ध्यान नहीं दिया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत के बाद 18 मई 2022 को हल्का पटवारी सुमित डाबर द्वारा सीमांकन किये जाने की झूठी रिपोर्ट भेज दी गई है। जबकि उनके भूमि से लगी भूमि के काश्तकारों को भी इसकी कोई सूचना आर आई हेतराम सिंह पटेल अथवा पटवारी सुमित डाबर द्वारा नहीं दी गई। सी एम हेल्पलाइन में झूठी रिपोर्ट भेजने के बाद अब पटवारी और आर आई उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव डाल रहे। उन्हें धमकाया तक जा रहा। फरियादी गुड्डा सोनी का आरोप है कि राजस्व कर्मचारी भू-माफिया के सम्पर्क में हैं और उन्हीं की शह पर उसे परेशान किया जा रहा। पीड़ित कृषक गुड्डा सोनी ने कलेक्टर से पुनः आग्रह किया है कि उनकी भूमि का सीमांकन कराने आदेश जारी किए जाएं साथ ही दोषी राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर से लेकर कमिश्नर और सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत फिर भी भारी पड़े आर आई और पटवारी'

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की नई कार्यकारिणी गठित

सजल जैन, स्टीफन फिलिप्स महामंत्री बने

कैमोर। भजपा के प्रदेशाध्यक्ष व्हीडी शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रफत वारसी, जिलाध्यक्ष इंजी. नवाब खान एवं भजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर ग्रोवर की सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा कैमोर के अध्यक्ष स्टेनली जॉर्ज द्वारा मोर्चे की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नवीन कार्यकारिणी में युवा लोकप्रिय व्यवसायी जैन समाज के प्रतिष्ठित नागरिक सजल जैन एवं स्टीफन फिलिप्स को मोर्चे के महामंत्री नियुक्त किया गया है। अन्य पदाधिकारियों में यास्मीन अंसारी, नाजनीन खान, प्रियंका खत्री और रज्जाक खान को उपाध्यक्ष, शबीना बी, निरमोड विवेक लाल, रुबीना बी, राशिदा बेगम, जॉनसन, एंथनी, सलमान सईद, नेल्सन डेविड एवं मोरविंन पाल को मंत्री, रितिक अरोरा कोषाध्यक्ष, क्रिस्टोफर सैमसन सह कोषाध्यक्ष, डेविस सुशांत पाल कार्यालय प्रभारी, सरताज खान सहायक कार्यालय प्रभारी तथा अभिजीत सिंह एवं अशरफ खान को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

ग्राम घुघरा में वृक्षारोपण

कटनी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला एवं न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन एवं दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश्सचिव के दिशा-निर्देशन में दिनांक 5 जून को ग्राम घुघरा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन की दृष्टि से पंच जा वन भूमि जीव-जन्तु सहित पर्यावरण बचाने हेतु पौधारोपण किया गया एवं विधिक साक्षरता का आयोजन भी किया गया। शिविर का आरंभ करते हुये सचिव दिनेश कुमार नोटिया नें नालसा-सालसा की योजनाओं की जानकारी देते हुये ग्रामीणों को संबोधित कर कहा कि सभी अपने-अपने खेत में पेड़ अवश्यक लगाएं एवं उनकी देख-रेख करें। शिविर में अधिकारी कर्मचारियों एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में रन फार नेचर का आयोजन

कटनी। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आह्वान पर एवं जिला प्रशासन कटनी के मार्गदर्शन में रन फार नेचर का आयोजन किया गया प्रकृति के संरक्षण के लिए आयोजित यह दौड़ कचहरी चौराहा से प्रारंभ होकर स्टेट बैंक चौराहा एकोतवाली थाना चौराहाए सुभाष चौक से मोहन टॉकीज रोड होते हुए पुनः कचहरी चौराहे पर समाप्त हुई दौड़ का शुभारंभ शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरे ने व्हिसल बजा कर दिया इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण के संरक्षण में आमजन की जागरूकता और सकारात्मक सहभागिता का प्रयास और संकल्प जरूरी है इस आयोजन में शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरेए प्राध्यापक मेजर सरदार दिवाकर एन एस एस प्रभारी प्राध्यापक अजय ठाकुर एन आर एल एम के जिला प्रबंधक राम सुजान द्विवेदीए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केशवालए एन आर एल एम के ब्लॉक प्रबंधक के के वर्मा जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के साथ अन्य शासकीय विभागों के जिला व विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी गण शहर के प्रकृति प्रेमी समाजसेवी जन व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एस्थानीय नगर विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि एआसपास के ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि एएनएसएस के स्वयंसेवकए एनसीसी के स्वयंसेवक एवं स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की विशेष उपस्थिति रही दौड़ के पश्चात जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल द्वारा उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

नगर निगम ने विविध आयोजन कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कटनी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशों के परिपालन एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे की उपस्थिति में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों के मध्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया।

सर्वप्रथम नगर निगम कार्यालय से प्रातः 9 बजे से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग नागरिकों को न करनें हेतु जागरूकता रैली को निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली नगर निगम कार्यालय से होती हुई सुभाष चौक, झंडा बाजार, सुक्खन चौक, शेर चौक, आजाद चौक से होकर गाटर घाट में रैली का समापन किया गया।

रैली के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता सहित अमानक प्लास्टिक के दुष्परिणामों की जानकारी नारों के माध्यम से आम नागरिकों तक पहुंचानें के प्रयास किये जाकर अमानकर प्लास्टिक का उपयोग न कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

गाटर घाट में साफ-सफाई कर ली शपथ

पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल स्त्रोतों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए गाटर घाट में निगमायुक्त श्री धाकरे की उपस्थिति मे नगर निगम की टीम सहित, एम.एस.डव्ल्यू के सुपरवाइजर, ओम साई विजन की टीम के सदस्यों द्वारा विसर्जन भवन के सामने स्थित घाट परिसर में सफाई अभियान आयोजित किया गया अभियान के दौरान स्थल पर प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट की सफाई की जाकर एकत्रित कचरे को कचरा प्लांट भेजने की कार्यवाही की गई। सफाई अभियान पश्चात निगमायुक्त एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा विसर्जन भवन के बाजू से पौधारोपण किया जाकर मे उपस्थित जनों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

माधवनगर उपकार्यालय एवं एमएसडल्यू प्लांट में किया गया पौधारोपण

विश्व पर्यावरण के दिवस पर नगर के विभिन्न स्थलों पर पौधारोपण कर नगर के पर्यावरण संरक्षण के प्रयास किये गए। उपनगरीय क्षेत्र स्थि माधव नगर जोन कार्यालय सहित अमीर गंज स्थित एम.एस.डव्ल्यू प्लांट में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधौं का रोपण किया जाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नागरिकों से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर के प्रत्येक नागरिक से एक एक पौधे का रोपण कर नगर के पर्यावरण सरंक्षण में सहयोग प्रदान करने की अपील की। आयोजित गतिविधियों के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा, नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन, विक्रांत पंडित, महेन्द्र सिंह परिहार सहित निगम के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

कांग्रेस में वार्डों के लिए पैनल तैयार

मेयर के लिए दोनों दलों में लंबी कतार

कटनी। कटनी नगर निगम के महापौर की टिकट को लेकर भाजपा और कांग्रेस में भोपाल स्तर पर कवायद तेज हो गई है। दोनों ही दल सर्वे रिपोर्ट और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के आधार पर पैनल तैयार कर रहे हैं। दोनों दलों में महापौर के लिए कई नाम उभरकर सामने आयें हैं। टिकट के लिए कांग्रेस से कहीं बड़ी कतार भारतीय जनता पार्टी में है। कांग्रेस में फिलहाल आधा दर्जन नाम चर्चाओं में है तो भाजपा में यह सूची एक दर्जन नामों से अधिक है।

कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों कटनी आए जिले के प्रभारी पूर्व केबिनेट मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं से महापौर तथा सभी 45 वार्डों के दावेदारों से चर्चा की थी। इस दौरान महापौर पद के लिए एक दर्जन नाम सामने आएं हैं। पता चला है कि इन नामों की लिस्टिंग कर कमलेश्वर पटेल भोपाल रवाना हुए। भोपाल स्थित सूत्रों के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगमों के लिए पैनल तैयार किए गए हैं। कटनी नगर निगम के लिए पूर्व महापौर राजकुमारी जैन, कांग्रेस नेत्री श्रेहा खंडेलवाल, श्वेता तिवारी, आराधना जैन, रजनी सोनी आदि के नाम चर्चाओं में है। बताया जा रहा है कि 2-3 दिनों के भीतर कांग्रेस इनमें से किसी नाम पर मोहर लगा सकती है।

कांग्रेस में पार्षद के लिए 233 आवेदन

पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने जबलपुर रोड स्थित अरिंदम होटल में दो दिन पहले नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में पार्षद पद के उम्मीदवारों से भी वन टू वन मुलाकात की जानकारी के मुताबिक 45 वार्डों में पार्षद पद के लिए 233 आवेदन पहुंचे प्रत्येक वार्ड में कम से कम दो से तीन उम्मीदवारों ने आवेदन किए तथा कुछ वार्डों में 10 से 15 उम्मीदवार आवेदन लेकर उपस्थित हुए।

भाजपा में भी चल रहा विचार

भारतीय जनता पार्टी भी निकाय चुनाव को लेकर एक्टिव मोड में है। बड़े नेताओं की लगातार बैठकें हो रही हैं जिसमे चुनाव की रणनीति पर चर्चा हो रही है। एक दिन पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में कोर कमेटी की बैठक हो चुकी है। पता चला है कि इस बैठक में प्रत्याशी चयन से लेकर चुनावी रणनीति पर खास चर्चा की गई। कल भाजपा कार्यालय में संगठन प्रभारी संजय साहू और भाजपा जिलाध्यक्ष ने वार्ड संयोजको की बैठक लेकर फीडबैक लिया। पता चला है कि जल्द ही वार्डों में पहुंचकर वार्ड प्रभारी बैठकें लेंगे और कार्यकर्ताओं को एक्टिव करेंगे। पार्टी ने हर पांच वार्ड में एक सैक्टर प्रभारी भी तैनात कर दिया है। सैक्टर प्रभारी से कहा गया है कि वे अपने प्रभार वाले वार्डों की हर गतिविधि पर नजर रखें। इनसे क्षेत्र के जातिगत समीकरण से लेकर अन्य स्थितियों पर भी नजर रखने को कहा गया है। गौरतलब है कि 11 जून से नॉमिनेशन होना है। पार्टी की कोशिश है कि इसके पहले पार्षद पद के प्रत्याशियों के नामों को अंतिम रूप दे दिया जाए।

विधायक संजय पाठक ने उत्तराखंड हादसे पर दुख जताया

कटनी। विजयराघवगढ़ के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में हुए हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि डामटा बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। हादसे की सूचना सुनकर मैं बहुत हैरान हूं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें। श्री पाठक ने कहा की हादसे की सूचना के बाद मुझे नींद नहीं आ रही थी। मृतकों के परिजनों के साथ हमारी संवेदना हैं। विधायक ने कहा कि मृतकों के परिजनों के साथ मैं हर पल खड़ा हूं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार परिजनों की हर संभव मदद कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही उत्तराखंड सरकार ने तुरंत राहत कार्य प्रारंभ कर दिया। घायलों का समुचित इलाज चल रहा है। प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान सूचना मिलते ही उत्तराखंड पहुंच गए। पूरी सरकार परिजनों के साथ खड़ी है।

बुलेरो की ठोकर से पलटी बाइक

जीजा-साले घायल, एमजीएम में भर्ती

कटनी। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत घटित एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जीजा-साले घायल हो गए। दोनों को कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक उमरियापान निवासी 45 वर्षीय विजय पिता बिहारी लाल यादव अपने साले ग्राम सरसवाही निवासी 35 वर्षीय लखन पिता भारत यादव के साथ रविवार की दोपहर मोटर सायकल से घर जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में विपरीत दिशा से आ रही बुलेरो जीप मोटर सायकल को ठोकर मारते हुए निकल गई। बताया जाता है कि बुलेरो की ठोकर लगने से बाइक बहक कर पलट गई और उसमें सवार जीजा-साले घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दोनों को कटनी लाकर कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का उपचार जारी है।

जगन्नाथ ट्रस्ट कमेटी की नवीन कार्यकारिणी गठित

प्रमोद सरावगी फिर से चुने गए अध्यक्ष

कटनी। श्री जगन्नाथ ट्रस्ट कमेटी की एक बैठक रविवार को आयोजित की गई। सदस्यों की उपस्थिति में वर्तमान कार्यकारिणी तीन वर्ष पूर्ण होने के कारण को आपसी सहमति से भंग करते हुए नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद सरावगी, उपाध्यक्ष एवं रथ यात्रा संयोजक विजय प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष सुशील टुडहा, रथयात्रा सह प्रभारी संजय गिरी, सचिव पद पर शिव कुमार सोनी, सहसचिव भोलु ठाकुर नियुक्त किए गए। सभी नियुक्तियों का प्रस्ताव कार्यकारिणी सदस्य विजय पटेल एवं राजकुमार यादव एवं अन्य सदस्यों के द्वारा किया गया। बैठक में विपिन दुबे, संजय गिरी, नरेश ताम्रकार, प्रमोद सरावगी, राजकुमार सोनी, राजकुमार यादव, शिशिर टुडहा, विजय पटेल, संतोष बरसैंया, ओम प्रकाश पुरवार को सदस्य चुना गया।

पत्थर मारकर कांच भी तोड़ा आरोपी ने

रास्ता रोकर आटो चालक से मारपीट

कटनी। रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत डन कालोनी मोड़ पर आटो चालक का रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगने और न देने पर उसके साथ मारपीट करते हुए आटो का कांच क्षतिग्रस्त करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पेशे से आटो चालक पाठक वार्ड निवासी 42 वर्षीय भूपेन्द्र सिंह पिता महेन्द्र पाल सिंह दिखित गतदिवस जब आटो लेकर कहीं जा रहा था। उसीदौरान डन कालोनी मोड़ पर सोनू काजी नामक युवक ने उसका रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जिसे देने से भूपेन्द्र ने मना किया तो सोनू ने उसके साथ मारपीट की और फिर पत्थर मारकर आटो का कांच क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने भूपेन्द्र की शिकायत पर सोनू काजी के विरूद्ध 341, 327, 294, 427, 506, 323 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

यात्री प्रतीक्षालय से युवक की लाश बरामद

मामला संदिग्ध, पुलिस जांच में जुटी

कटनी। कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कैलवाराकला यात्री प्रतीक्षालय के पास एनकेजे थाना अंतर्गत रोशननगर निवासी एक 34 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश बरामद की गई है। युवक की मौत कैसे व किन परिस्थितियों में हुई, अभी इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोशननगर निवासी 34 वर्षीय राजू उर्फ आशीष पिता सुरेन्द्र जायसवाल की लाश कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कैलवाराकला स्थित हादवे के यात्री प्रतीक्षालय से बरामद की गई है। राजू वहां कैसे पहुंचा तथा उसकी मौत कैसे हुई अभी इस बात का पता नहीं चल सका है। पुलिस शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

अमरकंटक व नर्मदा एक्सप्रेस में 15 जून तक लगेगा शयनयान श्रेणी का अस्थाई कोच

कटनी। ट्रेनों में लगातार बढ़ रही यात्रियों की संख्या को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल के द्वारा ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। जिसको लेकर अमरकंटक एक्सप्रेस व नर्मदा एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी का एक कोच अस्थाई रूप से लगाया जा रहा है। सीपीआरओ राहुल जयपुरियार के मुताबिक अतिरिक्त यात्री यातायात व प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच अस्थाई रूप से लगाने का निर्णय लिया है। इन गाड़ियों में एक अतिरिक्त कोच बढ़ने से प्रतीक्षा सूची के 72 यात्रियों को कन्फर्म टिकट उपलब्ध होगी। गाड़ी संख्या 12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच अस्थाई रूप से 15 जून तक तथा गाड़ी संख्या 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच अस्थाई रूप से 15 जून तक लगाने का निर्णय लिया गया है।

सड़क हादसों में घायल तीन की मौत

बरही थाना अंतर्गत अलग-अलग जगह हुईं थी दुर्घटनाएं

कटनी। बरही थाना अंतर्गत अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में घायल तीन लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामलों को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जबलपुर के हनुमानताल थाना अंतर्गत मदार टेकरी निवासी 45 वर्षीय कबीर पिता मुन्ना कुरैशी बरही थाना अंतर्गत ग्राम डोकरिया के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार बरही थाना अंतर्गत ग्राम खन्ना निवासी 22 वर्षीय प्रदीप पिता अमित बर्मन ग्राम करौंदीकला में सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। प्रदीप की भी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम नंहवारा निवासी 28 वर्षीय प्रीतम पिता जियालाल कोल भी ग्राम करौंदीकला में सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

अत्यधिक शराब सेवन से वृद्ध की मौत

कटनी। बरही थाना अंतर्गत ग्राम करौंदीखुर्द में अत्यधिक शराब सेवन से एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम करौंदीखुर्द निवासी 60 वर्षीय श्रीलाल पिता दद्दी काछी की अत्यधिक शराब सेवन से मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

कटनी का एकमात्र विश्वसनीय इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम
KINETIC GREEN
पेट्रोल की लाईन से छुटकारा पैसे और समय की बचत सालाना इंश्योरेंस से मुक्ति तिमाही इंजन ऑयल एवं अन्य खर्चों से बचत पी.यू.सी. की जरूरत नहीं ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में बचाव कीमत भी बजट भी
फायदा ही फायदा
वजन में हल्की होने से सभी आयु वर्ग के लिए उत्तम
ZOOM ELECTRIC
ZING ELECTRIC
Perfomance 100 Km/Charge
Charging Time 3 hours No licence No registration
अधिकृत विक्रेता
कार्तिक मोटर्स
सफर करने की अपनी स्वतंत्रता
संस्कार भारती स्कूल के पास के जालपा मंदिर रोड, कटनी फोन 07622-356550, मो. 9993299677, 9893435177

रत्ना गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारे
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
गार्डन मात्र 51000/-

PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
एएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
जीएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	3 वर्ष	17 वर्ष-35 वर्ष
बीएससी (नर्सिंग)	12वीं पास (बायो.)	4 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
पोस्ट बेसिक बीएससी	जीएनएम पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (साइकेट्री)	बीएससी नर्सिंग पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
डी.एल.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बी.ए.बी.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बीएससी बीएड	12वीं पास (विज्ञान/गणित)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)